>

Title : Need to provide special relief package for rehabilitation of people affected due to recent storm in Northern Bihar.

श्री विश्व मोहन कुमार (सुपौल): माननीय अध्यक्ष जी के माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी का ध्यान 13 अप्रैल, 2010 की आधी रात में आये प्रलयकारी तूफान, जिसे काल बैसाखी के नाम से भी संबोधित करने लगे हैं, से उत्तर बिहार के कई जिले खासकर सुपौल, मधेपुरा, किसनगंज, अररिया में जान-माल की भारी क्षति हुई है। सैंकड़ों लोगों की आकस्मिक मृत्यु हुई, हजारों लोग घायल हुए एवं लाखों लोग बेघर हो गये। देखते ही देखते ताश के पत्ते की तरह घर, बिजली के खंभे, पेड़, सड़क मार्ग बर्बाद हो गये। दो वर्ष पूर्व कोसी बाढ़ से भी इस क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। बचा खुचा तूफान ने अपना काम पूरा कर दिया है।

अतः इस क्षेत्र को जनता के पुनर्वास हेतु विशेष पैकेज देने की कृपा करें, जिससे की सर्वांगीण विकास हो सके।